Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title : Need for proper upkeep and maintenance of 'Hawa Mahal' in Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन है कि जयपुर शहर में हवामहल स्थित है। हवामहल एक दर्शनीय स्थल है और यह पुरातन विभाग के अन्तर्गत आता है। उसे देखने की फीस भी ली जाती है, बाहर से देखने में तो इमारत काफी पुरानी व जीर्णशीर्ण दशा में नजर आती है लेकिन अंदर जाकर देखने की वह जगह है। लेकिन यह हवामहल बहुत जीर्णशीर्ण दशा में हो गया है। यह हवामहल एक-एक ईंट पर बना हुआ है और इसके ऊपर लगभग 13-14 गुम्बजें थीं जिनमें से चार गुम्बजें टूटकर सड़क पर गिर गई हैं लेकिन उनका पता नहीं है। मेरा निवेदन है कि उनका पता लगाया जाए और हवामहल की जो हालत बिगड़ती जा रही है, उसकी हालत ठीक करायी जाए, उसकी मरम्मत का कार्य कराया जाए। जयपुर शहर में हवामहल एक निर्वाचन क्षेत्र का भी नाम है और जो गुम्बजें गिर गई हैं, उनकी तलाश करके वहां वैसी ही गुम्बजें लगाई जाएं और जो गिरने की दशा में हो गई हैं, उनको ठीक किया जाए। हवामहल जयपुर में तो प्रसिद्ध है ही बल्कि हिन्दुस्तान भर में प्रसिद्ध है, बल्कि हवामहल कार्यक्रम तो पहले टी.वी. पर भी आता था। हवामहल निर्वाचन क्षेत्र का नाम भी है, इसलिए मेरा अनुरोध है कि हवामहल की दशा को ठीक किया जाए तथा इसकी मरम्मत करायी VÉÉA[R119]*